# कार्यालय वन वृत्त छतरपुर (मध्यप्रदेश)

पुराना बिजावर नाका, छतरपुर (म.प्र.) 471001
07682-242107 (O.), 242107 (Fax) E-mail: ccf.ctr@mp.gov.in

---

कमांक / मा.चि. / 2016 / 1380 — छतरपुर, दिनांक / 22/08/2016

प्रति,

**अधिशासी अभियंता,**
**राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण,**
**अन्वेषण प्रभाग, ए–3, सहयोग परिसर, ई–8,**
**शाहपुरा मुख्य मार्ग, भोपाल**

**विषय :–** केन–बेतवा लिंक परियोजना का प्रस्ताव प्रस्तुत करने बाबत्।

**संदर्भ :–** प्रधान मुख्य वन संरक्षक, भू–प्रबंध, म0प्र0 भोपाल का पत्र क्र. / एफ–3 / 50 / 2016 / 10–11 / 5 / 1777 दिनांक 16.08.2016

––0––

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र की प्रति संलग्न भेजी जा रही है, जिसके द्वारा प्रकरण में आवेदक से संबंधित निम्न आक्षेप उठाये गये हैं :–

1. प्रस्ताव में संलग्न नक्शों पर आवेदक विभाग के सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं हैं।
2. संलग्न अभिलेख सत्यापित नहीं हैं।

अतः उक्त आक्षेपों / कमियों / त्रुटियों की पूर्ति अविलम्ब कराये जाने का कष्ट करें ताकि प्रस्ताव की पूर्ति कर अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

22.8.16

**(विश्राम सागर शर्मा)**
**मुख्य वन संरक्षक**
**छतरपुर वृत्त, छतरपुर**

Scanned by CamScanner

**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक/एफ–3/50/2016/10–11/5/1777 भोपाल, दिनांक 16-08-2016

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय)
छतरपुर वृत्त छतरपुर,
मध्यप्रदेश।

**विषयः–केन–बेतवा लिंक परियोजना का प्रस्ताव प्रंस्तुत करने बाबत्।**

संदर्भः–आपका पत्र क्रमांक/मा.चि./2016/1356 दिनांक 10.08.2016

––0––

विषयांतर्गत में संदर्भित पत्र के द्वारा केन–बेतवा लिंक परियोजना के लिये 6017 हेक्टेयर वन भूमि व्यपवर्तन के प्रस्ताव की हार्डकॉपी प्रस्तुत की गई है। प्रस्ताव की हार्डकॉपी का परीक्षण किया गया, जिसमें निम्नानुसार कमियाँ पाई गईः–

1. प्रस्ताव आज दिनांक तक ऑनलाईन अप्राप्त है।
2. प्रस्ताव में संलग्न नक्शों पर आवेदक विभाग के सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं पाये गये हैं।
3. बिगड़े वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण के लिये प्रोजेक्ट रिपोर्ट वृत्त छतरपुर की प्राप्त हुई है। वृत्त ग्वालियर, शिवपुरी, सागर एवं खण्डवा की प्रोजेक्ट रिपोर्ट अप्राप्त हैं।
4. बिगड़े वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण के लिये प्रोजेक्ट रिपोर्ट की तकनीकी स्वीकृति आदेश वृत्त छतरपुर के प्राप्त हुऐ हैं। वृत्त ग्वालियर, शिवपुरी, सागर एवं खण्डवा की प्रोजेक्ट रिपोर्ट के तकनीकी स्वीकृति के आदेश अप्राप्त हैं।
5. वन मण्डल टीकमगढ़ के अन्तर्गत Check list for Site Inspection Report by the DFO की रिपोर्ट में उप वन मंडल अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। जबकि उक्त रिपोर्ट पत्रक पर वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के हस्ताक्षर होना चाहिये।
6. उक्त टीकमगढ़ की Check list for Site Inspection Report by the DFO की रिपोर्ट में भी दिया गया विवरण सही रूप से नहीं दिया गया है।
7. वृक्षों के मूल्यांकन का गोशवारा में भी उप वन मंडल अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। जबकि उक्त गोशवारा पत्रक पर वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के हस्ताक्षर होना चाहिये।
8. केन–बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत क्षतिपूर्ति वैकल्पिक वृक्षारोपण योजनाओं के गोशवारा में भी उप वन मंडल अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। जबकि उक्त गोशवारा पत्रक पर वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के हस्ताक्षर होना चाहिये।
9. अन्य संलग्न अभिलेख सत्यापित नहीं हैं।

अतः प्रस्ताव की तीन प्रतियाँ जो भेजी गई हैं जो कि मूलतः संलग्न है। कृपया प्रस्ताव की तीनों प्रतियां प्राप्त करने हेतु पत्रवाहक को भेजें। उपरोक्त दर्शाये अनुसार प्रस्ताव तैयार करें तथा प्रस्ताव को पूर्णरूपेण ऑनलाईन करें।

16/8/16

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

C:\D-Drive Data\DATA-09\Irrigation\F-3, LETTER FILE 11-11-2010.doc

Scanned by CamScanner